
शनिवार
30 अप्रैल 2022



पृष्ठ 4
ऑयली स्किन होने के भी है फायदे



पृष्ठ 5
28 साल छोटी एक्ट्रेस संग रोमांस करेंगे अक्षय!



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 91
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

कविता गाकर रिझाने के लिए नहीं समझ कर खो जाने के लिए है।

– रामधारी सिंह दिनकर

# दूनवैलीमेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

## चारधाम यात्रा पर पहला दल रवाना



विशेष संवाददाता

हरिद्वार/देहरादून। 3 मई से शुरू होने वाली चारधाम यात्रा के लिए आज हरिद्वार से श्रद्धालुओं के पहले दल को पूर्व काबीना मंत्री यतिस्वरानंद द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

हरिद्वार के माया देवी प्रांगण में आज गुजरात से आए 40 सदस्यीय दल को स्वामी यतिस्वरानंद द्वारा फूल माला पहनाकर उन्हें सफल यात्रा की शुभकामनाएं दी गई। यह दल 2 मई को गंगोत्री धाम पहुंचेगा तथा 3 मई को गंगोत्री व यमुनोत्री धाम के कपाट खोले जाएंगे। गुजरात से आए इन यात्रियों ने सरकार की तैयारियों पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि वह चारधाम यात्रा पर आकर हर्ष का अनुभव कर रहे हैं सरकार ने यात्रा की अच्छी तैयारियां की है।

**●पूर्व काबीना मंत्री यतिस्वरानंद ने दिखाई हरी झंडी**
**●सुगम व सुरक्षित होगी चारधाम यात्राः सतपाल महाराज**

उधर पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने आज यात्रा टर्मिनल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सभी संभव तैयारियां कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि हर एक धाम में एक निर्धारित संख्या में श्रद्धालुओं को भेजा जाएगा जिससे वह आसानी से दर्शन कर सके और उनके रहने-खाने की उचित व्यवस्था हो सके। उन्होंने कहा कि गंगोत्री व यमुनोत्री धाम में 5 से 6 हजार तथा केदारनाथधाम में 15 हजार व बद्रीनाथ धाम में 10 हजार यात्री रोज दर्शन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यात्रियों को पर्यटन की वेबसाइट पर अपना रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी है तथा यात्रा पर आने के लिए किसी तरह की कोरोना जांच की कोई जरूरत नहीं है लेकिन मास्क व सैनिटाइजेशन जरूरी है। गंगोत्री और यमुनोत्री मार्ग पर 6 स्वास्थ्य केंद्र बनाए गए हैं जिनमें सभी इमरजेंसी सेवाएं उपलब्ध होगी। डॉक्टरों की टीम में तैनात कर दी गई हैं।

उल्लेखनीय है कि केदारनाथ धाम के कपाट 6 मई तथा बद्रीनाथ धाम के कपाट 8 मई को खुलेंगे। इसके साथ ही 3 मई से यात्रा निरंतर जारी रहेगी। प्रशासन द्वारा केदारनाथ मार्ग पर भीमवली व लिंचोली सहित तीन पड़ाव स्थलों पर 7 से 8 हजार तक यात्रियों के ठहरने की व्यवस्था टेंट लगाकर की गई

◀◀ शेष पृष्ठ 8 पर

## मसूरी में पर्यटक वाहनों की आज से नो एंट्री

**❑किंग्रेग में पार्क करने होंगे वाहन**
**❑मसूरी में जाम से मिलेगी राहत**

विशेष संवाददाता

देहरादून। मसूरी घूमने जाने वाले पर्यटक अब अपने वाहन के साथ मसूरी घूमने नहीं जा सकेंगे। क्योंकि आज से मसूरी में पर्यटक वाहनों की नो एंट्री व्यवस्था लागू कर दी गई है।

पर्यटन सीजन में मसूरी को वाहनों के जाम और पार्किंग की व्यवस्था को लेकर होने वाली परेशानी से निजात दिलाने के लिए आज से यह नई व्यवस्था शुरू की गई है। मसूरी से चंद किलोमीटर पहले किंग्रेग में पर्यटकों को अपने वाहन यहां बनाई गई पार्किंग में पार्क करने होंगे। इसके बाद उन्हें यहां से शटल सेवा के जरिए मसूरी पहुंचाया जाएगा। मसूरी तक जाने के लिए इस शटल सेवा का 50 रूपये प्रति यात्री किराया तय किया गया है। यह व्यवस्था आज से लागू कर दी गई है लेकिन अभी इसमें कुछ व्यवहारिक दिक्कतें भी आ रही हैं।

मसूरी आने वाले पर्यटकों का कहना है कि इस नई व्यवस्था में उन्हें बहुत ज्यादा खर्च करना पड़ रहा है। किंग्रेग से अभी शटल सेवा भी पर्याप्त संख्या में उपलब्ध नहीं है इसलिए यात्रियों को आज वाहनों से मसूरी तक पहुंचाया जा रहा है। पर्यटकों का कहना है कि किंक्रेग में पार्किंग देनी पड़ रही है और फिर 50 रूपये किराया भी देना पड़ रहा है। इसके बाद उन्हें अन्य स्थलों जैसे कंपटी फॉल और धनोल्टी जाने के लिए भी लोकल वाहनों पर निर्भर होना पड़ रहा है जिसके कारण उन्हें अपने निजी वाहन से 4 गुना अधिक खर्च करना पड़ रहा है तथा धन के साथ समय भी अधिक लगता है। उल्लेखनीय है कि यात्रा सीजन में मसूरी में वाहनों एक बड़ी संख्या में पहुंचने से कई कई घंटों तक जाम का सामना करना पड़ता था जिस से निजात के लिए यह नई व्यवस्था की गई है।

## एक्शन में सीएम, पुलिस अधिकारी हटाए, इंटरनेट सेवाएं बंद

हमारे संवाददाता




पटियाला। बीते कल पटियाला में हुई हिंसक झड़पों के बाद पंजाब के सीएम भगवंत सिंह मान एक्शन में आ गए हैं आज सुबह उन्होने पटियाला केस में आईजी और एसएसपी तथा एसपी को उनके पदों से हटा दिया। पटियाला में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं वही हिंदू संगठनों ने खालिस्तान समर्थकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर आज बंद का आह्वान किया है।

**❑पटियाला हिंसा का मामला**

बीते कल काली माता मंदिर के बाहर शिवसेना और खालिस्तान समर्थकों के बीच हुई हिंसक वारदात में ईंट, पत्थर व तलवारे चलने से बड़ी संख्या में लोग घायल हो गए थे। मुख्यमंत्री ने अब गुरविंदर सिंह छीना को आईजी और दीपक पारिक को एसएसपी तथा वजीर सिंह को एसपी की जिम्मेवारी सौंपी है सीएम ने इसे पंजाब का माहौल खराब करने का षड्यंत्र बताया है। उन्होंने लोगों से संयम बरतने की अपील की है।

## पिछले 24 घंटे में आए कोरोना महामारी के 3,688 नए मामले

नई दिल्ली । देश में कोरोना महामारी के मामले एक बार फिर तेजी से बढ़ रह हैं जो कि चिंताजनक है। पिछले २४ घंटे के मुकाबले आज ३८५ केस ज्यादा दर्ज किए गए हैं। बता दें कि, देश में कुछ दिनों से तीन हजार से ज्यादा मामले सामने आ रहे हैं कल भी ३,३३७ मामले सामने आए थे।



देश में अब उपचाराधीन मामलों की संख्या घटकर १८ हजार ६८४ रह गई है। देश में पिछले २४ घंटे में ३ हजार ६८८ केस दर्ज हुए हैं जिसके बाद संक्रमण के कुल मरीजों की संख्या ४,३०,७५,८६४ हो गई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा शनिवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार, देश में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के ३,६८८ नए मामले सामने आए हैं। वहीं, ५० और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या बढ़कर ५,२३,८०३ हो गयी है। पिछले २४ घंटे में २,७५५ लोग महामारी से ठीक हुई है जिसके बाद अब तक ठीक होने वालों की कुल संख्या ४,२५,३३,३७७ हो गई है। आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण की दैनिक दर ०.७४ प्रतिशत और साप्ताहिक दर ०.६६ प्रतिशत है।

आंकड़ों के मुताबिक, देश में कोविड–१६ के उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर १८,६८४ हो गई है। पिछले २४ घंटे में सक्रिय मामलों की दर ०.०४ प्रतिशत दर्ज की गई है। वहीं, मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर ६८.७४ प्रतिशत है। इसके अलावा देश में अब तक १८८.८६ करोड़ वैक्सीन की डोज दी जा चुकी है। वहीं पिछले २४ घंटे में ४,६६,६४० कोविड टेस्ट किए गए हैं और अब तक कुल ८३.७४ करोड़ टेस्ट हो चुके हैं।

इसके अलावा राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भी पिछले चौबीस घंटों में कोरोना वायरस के १,६०७ नए मामले सामने आए हैं और दो लोगों की महामारी से मौत हुई है। राजधानी में कोविड–१६ के मामलों की कुल संख्या बढ़कर १८,८१,५५५ हो गई, जबकि मृतकों की संख्या बढ़कर २६,१७४ हो गई है। गुरुवार को भी ४.६२ प्रतिशत संक्रमण दर के कोरोना वायरस संक्रमण के १,४६० मामले सामने आए थे, इस दौरान दो और मरीजों की मौत हो गई थी।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# अलगाववाद की आग

पांच राज्यों के चुनाव निपटने के बाद देश में अलगाववाद की जो चिंगारी भड़कती दिख रही है वह देश और समाज के भावी भविष्य के लिए कोई अच्छा संकेत नहीं है। बात चाहे उस बुलडोजर की राजनीति की हो जिसकी शुरुआत यूपी के सीएम ने माफिया और अपराधियों के खिलाफ की थी, अब इस बुलडोजर की राजनीति राजस्थान में मंदिरों पर चले बुलडोजर से गुजरकर मंदिर मस्जिद तक पहुंच गई है और हिंदू मुस्लिम तक जा पहुंची है। अभी हाल में आगरा से जुड़ी दो घटनाएं सामने आई थी जिनमें एक थी रेलवे स्टेशन से मंदिर को हटाने की और दूसरी ताजमहल देखने गए संत को प्रवेश से रोकने की। इन दोनों घटनाओं के सिरे भी धर्म और आस्था से जुड़े थे। अभी एक सिनेस्टार किच्छा सुदीप के एक वीडियो क्लिप जिसमें उन्होंने कहा था कि अब हिंदी हमारी राष्ट्रीय भाषा नहीं रही, ऐसी आग लगाई कि तमाम नेता और अभिनेता राष्ट्रीय भाषा के मुद्दे पर आस्तीने चढ़ाते नजर आए। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मंदिर व मस्जिद से लाउडस्पीकर हटाने का अभियान छेड़ा गया तो राजस्थान सरकार ने अलविदा जुम्मे की नमाज के लिए जयपुर में बिजली पोल पर लाउडस्पीकर लगवा किए गए। इस मुद्दे पर हिंदू और मुस्लिम धर्म के तमाम ज्ञानी आमने सामने आकर खड़े हो गए। अभी बीते दिनों उत्तराखंड और दिल्ली सहित कई राज्यों में हनुमान जयंती की शोभायात्रा के दौरान अनेक हिंसक घटनाएं सामने आई। जिन्हें लेकर समाज में भारी टकराव और आक्रोश देखा गया। ईद पर सड़कों पर नमाज पढ़ने की लगाई गई पाबंदी को लेकर भी समाज विभाजित दिखा। बीते कल पंजाब के पटियाला में शिवसेना के कार्यकर्ताओं और खालिस्तान समर्थकों के बीच जो तलवारें खिंची थी वह इस अलगाव किया का ही परिणाम है। बात चाहे कोई भी हो और कहीं से भी शुरू हो राष्ट्र और समाज तथा भाषा और धर्म से जुड़ी हो उसका एक सिरा अलगाववाद से ही जाकर जुड़ जाता है। अभी उत्तराखंड की चार धाम यात्रा में गैर हिंदुओं के प्रवेश को रोकने की मांग उठी थी। इन दिनों देश के कई राज्यों में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने की शुगबुगाहट सुनाई दे रही है लेकिन इसे भी अलगाव के चश्मे से ही देखा जा रहा है। अभी हाल में ही अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में हिंदू देवी-देवताओं के खिलाफ अभद्र बातें पढ़ाये जाने से लेकर अयोध्या की कुछ मस्जिदों में रात के अंधेरे में आपत्तिजनक सामग्री फैंके जाने तक तमाम घटनाएं इस अलगाववाद की आग में घी डालने जैसी ही हैं। सवाल यह है कि कौन है वह लोग जो देश को इस नफरत और अलगाववाद की आग में झोंकने का काम कर रहे हैं। इनका पता लगाया जाना जरूरी है। क्योंकि देश में चल रहा यह खेल आग से खेलने जैसा है जिनके परिणाम कभी अच्छे नहीं हो सकते हैं।

# त्वरित न्याय के खतरे

हरिशंकर व्यास

किसी भी सभ्य देश या समाज की सबसे पहली पहचान यह है कि वहां कानून का शासन है या नहीं। लोकतंत्र की मजबूती और आर्थिक व सामाजिक विकास की पहली शर्त कानून का राज है। कानून का राज नहीं होना किसी भी समाज को अराजकता की ओर ले जाता है। वह अराजकता किसी तरह की हो सकती है। संभव है कि वह अराजकता चुनाव जीतने में मददगार हो लेकिन सिर्फ चुनाव होने भर से कोई देश लोकतांत्रिक नहीं होता है। अफसोस की बात है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में कानून के शासन की अवधारणा खतरे में है। उसकी जगह त्वरित न्याय यानी विजिलांते जस्टिस का राज आ गया है। जिसको जहां मौका मिल रहा है वह वहीं पर न्याय कर दे रहा है। सड़क से लेकर संसद तक और सरकारी विभागों से लेकर न्यूज चैनलों के स्टूडियो तक में लिंचिंग की प्रक्रिया चल रही है।

विजिलांते जस्टिस एक विचार के रूप में हमेशा हर देश और समाज में रहा है। लेकिन व्यवस्था द्वारा उसे प्रोत्साहित नहीं किया जाता है। कोई भी सभ्य समाज किसी को इजाजत नहीं दे सकता कि वह कानून अपने हाथ में ले और सड़क पर न्याय कर दे। लेकिन गौरक्षा के नाम पर भारत में विजिलांते जस्टिस को मान्यता मिलने लगी। इसे समाज से प्रोत्साहन मिलने लगा। गौरक्षा के नाम पर लोगों की हत्या करने वालों का सत्तारूढ़ दल द्वारा सार्वजनिक रूप से स्वागत किया जाने लगा। संस्कृति की रक्षा के नाम पर युवा लड़के-लड़कियों को सार्वजनिक जगहों पर बेइज्जत किया जाने लगा, उनके साथ मार-पीट होने लगी। पब और बार में बैठी महिलाओं पर हमले होने लगे। धर्म की रक्षा के नाम पर दूसरे धर्म के लोगों के साथ सार्वजनिक रूप से विवाद शुरू हो गए। गौरक्षक, संस्कृति रक्षक, धर्म रक्षक अपनी अपनी अदालतें लगा कर बैठ गए।


यह प्रक्रिया चल ही रही थी कि बुलडोजर संस्कृति की शुरुआत हो गई। सरकारों ने अदालत की जरूरत ही खत्म कर दी। सरकारी संस्थाएं अपने आप में पुलिस, वकील, जज और कार्यपालिका सब बन गईं। प्राकृतिक न्याय का सिद्धांत हर व्यक्ति को अपना पक्ष रखने की इजाजत देता है। इसी न्याय सिद्धांत से यह माना जाता है कि हर व्यक्ति जब तक दोषी नहीं साबित होता है तब तक बेकसूर होता है। लेकिन भारत में इस सिद्धांत को उलटा कर दिया गया। कई राज्यों में ऐसा हो रहा है कि किसी भी आरोप में पकड़े गए व्यक्ति के घर, दुकान पर बुलडोजर चला दिया जा रहा है। सरकार कह रही है कि वह अवैध निर्माण गिरा रही है, लेकिन इसका कोई जवाब नहीं है कि उसने कैसे तय किया कि निर्माण अवैध या वैध? क्या उसने आरोपी को नोटिस दिया और उसे अपना पक्ष रखने का मौका दिया? कोई व्यक्ति किसी जुलूस में शामिल हुआ या लोकतांत्रिक प्रदर्शन का हिस्सा बना तो सीसीटीवी से फुटेज निकाल कर उसके ऊपर कार्रवाई की जा रही है। अदालतें एक जगह रोक लगाती हैं तो दूसरी जगह मोर्चा खुल जाता है।

जब किसी समाज में अन्याय बढ़ता है तो रॉबिनहुड पैदा होने या विजिलांते जस्टिस का समूह बनने के बारे में तो सुना गया है लेकिन भारत में सरकार ही रॉबिनहुड बन गई है, सरकारें ही विजिलांते जस्टिस का समूह चला रही हैं। अदालती प्रक्रिया में गए बगैर सरकारें लोगों को सजा दे रही हैं। ऐसा नहीं है कि इसका शिकार सिर्फ एक समूह या वर्ग हो रहा है। समाज का समूचा गरीब तबका इसका शिकार हो रहा है। मध्य प्रदेश में जिस महिला का घर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बना था उस पर भी बुलड़ोजर चल गया तो दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में झा साहेब की पान की दुकान भी टूटी और गुप्ता जी जब तक अपने दुकान की मंजूरी का सरकारी कागज लेकर पहुंचते तब तक उनकी भी दुकान टूट गई। यह बुलडोजर न्याय देश की पूरी न्याय व्यवस्था के लिए चुनौती पैदा कर रहा है।

सोचें, अगर हर जगह ऐसा ही होने लगा तो क्या होगा? जिसको जहां मौका मिले वह 'न्याय' कर दे तो देश कहां जाएगा? त्वरित न्याय का खतरा यह होता है कि इससे जंगल वाली व्यवस्था बन जाती है। जो मजबूत है, वह बचा रहेगा बाकी सब खत्म हो जाएगा। या टके सेर भाजी, टके सेर खाजा वाली कहानी सही साबित हो जाती है। भारत में ऐसी ही व्यवस्था बनती दिख रही है, जहां शासन ने एक साइज का फांसी का फंदा तैयार कर लिया है, जिसकी गर्दन उसके फंदे में फिट होती है उसे फांसी पर लटका दिया जाता है। न्याय की यह व्यवस्था जैसे जैसे लोकप्रिय और मजबूत होती जाएगी, भारत एक देश और एक समाज के तौर पर अराजकता का शिकार होता जाएगा। और एक बार अराजक व्यवस्था लागू हो जाएगी, तो जो आज इस पर ताली बजा रहे हैं या खुशियां मना रहे हैं वे भी इसकी चोट से नहीं बचेंगे।

## हत्या मामले में लम्बे समय से फरार चल रहे दो सगे भाई गिरफ्तार

हमारे संवाददाता



हरिद्वार। लक्सर क्षेत्र में हुई हत्या व बलवे के एक मामले में लम्बे समय से फरार चल रहे दो आरोपी भाईयों को एसटीएफ द्वारा कल देर शाम गिरफ्तार कर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार बीते वर्ष 26 दिसम्बर को थाना लक्सर के ग्राम कुड़ी भगवानपुर में दो पक्षों के मध्य गैर जातीय विवाह को लेकर आपसी रंजिश के चलते अरूण, सोनू, मोनू, कंवरपाल पुत्र प्रताप सिंह एवं आकाश पुत्र संजय द्वारा ऋषीपाल नाम के व्यक्ति की हत्या कर दी गई थी। जिसमें थाना लक्सर पर पंजीकृत मुकदमे में नामजद आरोपियों में से अरुण को थाना लक्सर पुलिस द्वारा पूर्व में ही गिरफ्तार कर लिया गया था। मामले के बाकी आरोपी फरार थे जिनकी पुलिस को तलाश थी।

बीते रोज एसटीएफ टीम को सूचना मिली कि, हरिद्वार के थाना लक्सर में हत्या के उक्त मामले में फरार आरोपी गाँव में आये हुए है, सूचना पर कार्यवाही करते हुए एसटीएफ द्वारा देर रात उक्त मुकदमें में फरार चल रहे दो सगे भाईयों सोनू पुत्र प्रताप सिंह एवं मोनू पुत्र प्रताप सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## साईबर अपराध पर पीएचक्यू गम्भीर, कार्यशाला में टेक्नॉलाजी के बताये फायदे व नुकसान

संवाददाता

देहरादून। साईबर अपराधों में आयी तेजी से पुलिस मुख्यालय ने भी गम्भीरता से लिया। कार्यशाला में टेक्नॉलाजी व उससे पैदा होने वाली समस्याओं के बारे में बारीकि से बताया।

आज यहां पुलिस मुख्यालय सभागार में साइबर ठगी के बारे में बताते हुए एसटीएफ के सीओ अंकुश मिश्रा ने बताया कि जब कोई टेक्नालाजी आती है तो वह समस्याएं भी साथ लाती है। साइबर ठगी तीन फेस में शुरू हुई। पहले फेस सन् 2000 से 2010 के बीच साइबर ठग लोगों को फोन कर उनको ईनाम का लालच देकर कोई गिफ्ट आने की बात कहकर बैंक खातों की जानकारी उपलब्ध कर ठगी करते थे लेकिन जब 2010 के बाद इंटरनेट फ्री हुआ और हर किसी के पास अनलिमिट इंटरनेट रहने लगा तो साइबर ठगों ने अपना तरीका बदला। उन्होंने बताया कि साइबर ठगो को किसी भी व्यक्ति को ठगने के लिए एक सेतु की आवश्यकता होती है जैसे कि कोई एप डाउनलोड करने को कहकर जानकारी उपलब्ध कर लेते हैं तथा उसके बाद बैंक खातों से रूपया गायब हो जाता है। उन्होंने बताया कि यह गिरोह पूरी दुनिया में सक्रिय है तथा यह गरीब लोगों को अपना निशाना बनाकर लालच देकर उनके आधार कार्ड व अन्य आईडी की फोटो कापी लेकर उसके आधार पर सिम कार्ड खरीद लेते है और जब अपराध होता है तो पुलिस जिसके नाम पर सिम होता है तो उस तक पहुंचती है लेकिन ठगी करने वाला सैकडों मील दूर बैठा होता है। उन्होंने बताया कि इसके लिए सभी को जागरूक होना होगा। उन्होंने इसके अलावा भी इसके कई नुकसान व उससे बचने के तरीकों के बारे में बारीकि से जानकारी दी।

ता जिह्वया सदमेदं सुमेधा आ यद्वां सत्यो अरतिर्ऋते भूत्।
तद्वां महित्वं घृतान्नावस्तु युवं दाशुषे वि चयिष्टमंहः।।
(ऋग्वेद ६–६७–८)

हे शिक्षक और उपदेशक ! जिसका भोजन उचित प्रकार का होता है, उसका पोषण भी सही होता है। अच्छी बुद्धि वाला व्यक्ति, जिसने आपसे शिक्षा प्राप्त की है, वह अच्छा बन जाता है। आपके ज्ञान की बातें सुनकर वह सच्चे धर्म के मार्ग पर चलता है। वह पापों से दूर हो जाता है। हम आपको आमंत्रित करते हैं कि हमें प्रेरित करें कि हम भी उन जैसा बन जाए।

O teacher and preacher ! Whose food is of the proper type, his nutrition is also right. A person of good intellect, who has received education from you, becomes good. By listening to your words of knowledge, he walks on the path of true Dharma. He turns away from sins. We invoke you to inspire us to be like them. (Rig Veda 6-67-8)

## मारपीट कर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने पर मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। मारपीट कर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने पर दुकानदार के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शाहपुर कल्यापुर निवासी महिला ने विकासनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया वह बोक्सा जाति की है। उसका बेटा क्षेत्र में प्रवीण की दुकान पर सामान लेने गया तो दुकानदार ने उसके बेटे के साथ मारपीट कर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया। उसके बेटे ने उसको आकर बताया तो वह दुकानदार के पास गयी तो उसने उसके साथ भी मारपीट कर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर गाली गलौच की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।



# प्रताप नगर को बनायेगे आदर्श विधानसभाः नेगी

नगर संवाददाता

टिहरी। पिछले एक सप्ताह से क्षेत्र का भ्रमण कर रहे प्रताप नगर के नव निर्वाचित विधायक विक्रम सिंह नेगी ने अपनी जीत के प्रति जनता का आभार व्यक्त किया और इसे जनता की जीत कहा। उन्होंने कहा कि जिस उम्मीद से जनता ने मुझ पर भरोसा किया है अब मेरी जिम्मेवारी है कि यहां की मूलभूत समस्याओं का निदान करना एवम यहां का सर्वांगीण विकास करना। जिसके लिए मैं हमेशा प्रयासरत रहूंगा।

उन्होंने कहा कि मेरा संकल्प है कि प्रताप नगर को आदर्श विधानसभा बनाना। जिसके अंतर्गत मूलभूत सुविधाओं का विकास करना है। उन्होने कहा कि टिहरी झील से सटे ग्रामीण इलाकों को रोजगार एवम स्वरोजगार के अधिक से अधिक साधन उपलब्ध करवा कर इन्हे विकसित किया जायेगा जिसमें सरकारी एवम गैर सरकारी संस्थाओं की भी मदद ली जायेगी जिससे क्षेत्रीय युवाओं को रोजगार मुहैया हो सके और उन्हें रोजगार के लिए दिल्ली मुंबई के चक्कर न काटना पड़े और पलायन पर रोक लग सके। इस दिशा में कार्य किया जायेगा।

प्रतापनगर के विधायक विक्रम सिंह नेगी ने पट्टी भदूरा के ग्राम आबकी, मंजखेत, खिट्टा, खालड़ गांव, गल्याखेट, पोखरी, बनियानी लिखवार गांव, कटाल गांव, तिनवाल गांव में धन्यवाद कार्यक्रम के तहत जनता को धन्यवाद दिया और उनकी समस्याओं से अवगत हुए। भदुरा पट्टी के सभी गांवो में मुख्य रूप से पेयजल की गम्भीर समस्या है जिस पर विधायक नेगी ने शासन प्रशासन से फोन माध्यम से वार्ता कर पेयजल की समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए और इन गांवों के लिए पंपिंग योजना की मांग की।

जनसंवाद के दौरान विधायक नेगी ने लोगों को क्षेत्र की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने का भरोसा दिलाया और चुनाव में सहयोग देने पर ग्रामीणों को धन्यवाद देते हुये कहा कि जिन उम्मीदों के साथ जनता ने मुझे विधायक चुना है मै उन उम्मीदों पर हरसंभव खरा उतरने का प्रयास करूंगा। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष सब्बल सिंह राणा, पू जि पं उदय रावत, वरिष्ठ नेता शिवराज सिंह रावत, प्रदेश सचिव एससी प्रकोष्ठ श्याम लाल, गिरीश नेगी, राजेश रावत, प्रधान वीरेंद्र रांगढ़, सभासद सौरव रावत सहित कई लोग मौजूद रहे।




# महिला को डंडे से पीटकर घायल करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

चम्पावत। बनबसा क्षेत्र में महिला को लाठी-डंडे से पीटकर गम्भीर रूप से घायल करने वाले आरोपी को पुलिस ने कल देर शाम गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार बीती 13 अप्रैल को अबिर शाह निवासी मीना बाजार द्वारा थाना बनबसा में तहरीर देकर बताया गया कि राकेश वाल्मीकि नामक एक व्यक्ति द्वारा उसकी पत्नी के साथ मारपीट कर गम्भीर रुप से घायल कर दिया गया था। सूचना पर पुलिस ने थाना बनबसा में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी थी।

दौराने विवेचना उक्त मामले में पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने पर पुलिस ने कल देर रात आरोपी राकेश वाल्मीकि पुत्र स्व. राम भरोसे निवासी झोपड़पट्टी मीना बाजार को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसकी निशानदेही पर पुलिस ने मारपीट में प्रयोग किये गये डंडे को भी बरामद कर लिया है।

# विद्युत चोरों के खिलाफ एक्शन प्लान क्यों नहीं बना पाई सरकारः मोर्चा

नगर संवाददाता



विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने पत्रकार वार्ता करते हुए कहा कि प्रदेश में भयंकर विद्युत संकट से जूझ रही सरकार आज तक लाइन लॉस (वितरण हानियां/ ए टी एंड सी हानियां) कम करने को लेकर कोई एक्शन प्लान नहीं बना पाई, जिस कारण विद्युत चोर आज भी विद्युत चोरी करने से बाज नहीं आ रहे हैं, जिसका खामियाजा प्रदेश की जनता को भुगतना पड़ रहा है।

उन्होने कहा कि महंगे दामों पर बिजली खरीद होने की वजह से कर्ज में आकंठ डूबी सरकार का खजाना खाली हो रहा है एवं बिजली पर आश्रित व्यवसाय पूरी तरह चौपट हो रहे हैं। सरकार सिर्फ कागजों में कार्रवाई की बात कर रही है, जबकि धरातल पर कुछ भी नहीं हो रहा है।

नेगी ने कहा कि मोर्चा पिछले कई माह से लगातार सरकार से वितरण एवं ए टी एंड सी हानियां यानी लाइन लॉसेस कम करने के लिए चेताता रहा, लेकिन सरकार सोई रही। वर्ष 2019-20 में वितरण हानियां 13.40 फीसदी तथा ए टी एंड सी हानियां 20.44 फीसदी थी तथा इसी प्रकार वर्ष 2018-19 में 14.32 एवं 16.52 फीसदी थी। उक्त लॉसेस के चलते सरकार को 1000 करोड से अधिक का नुकसान उठाना पड़ रहा है। मोर्चा के अथक प्रयास से बामुश्किल दो फीसदी ही लाइन लॉसेस कम हो पाई। उन्होने कहा कि मोर्चा सरकार से मांग करता है कि विद्युत चोरों के खिलाफ पूरी फोर्स लगाकर युद्ध स्तर पर छापेमारी की कार्रवाई करे। पत्रकार वार्ता में दिलबाग सिंह, ओ.पी. राणा व विजय राम शर्मा मौजूद थे।

# मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने पर मुकदमा

संवाददाता



देहरादून। मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कैनाल रोड किशनपुर निवासी वीएस नागपाल ने राजपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि मै एक सीनियर सिटीजन हूँ मेरा बाईपास सर्जरी हुई हुई है। एक व्यक्ति जो कि पहले भी मुझसे मिलने आता अपनी वीवी के साथ आ चुका है वह अपने आप को मेरी दुकान के मकान मालिक का दामाद कहता है। आज अचानक मेरे घर घुस कर आकर मुझसे गाली गलोच करने लगा तथा मुझ पर वार किया और मुझे खूब मारा तथा धमकी दी कि मै तुझे जान से मार दूगा मेरे बच्चे बाहर रहते है मै यहा अपनी पत्नी के साथ रहता हूँ। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# मोटरसाईकिल की चपेट में आकर घायल

देहरादून (संवाददाता)। मोटरसाईकिल की चपेट में आकर स्कूटी सवार घायल हुआ। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार शांति विहार टीचर्स कालोनी निवासी अंग्रेज सिंह अपने एक्टिवा से आईटी पार्क गया था जब वह आईटी पार्क के पास पहुंचा तभी तेज गति से आ रही मोटरसाईकिल ने उसको अपनी चपेट में ले लिया जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# स्मैक के साथ गिरफ्तार

देहरादून (संवाददाता)। पुलिस ने स्मैक के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार`बसंत विहार थाना पुलिस ने चैकिंग के दौरान हिल व्यू कालोनी के पास एक मोटरसाईकिल सवार को रूकने का इशारा किया तो वह पुलिस को देख भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही पकड लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से छह ग्राम स्मैक बरामद कर ली। पूछताछ में उसने अपना नाम मोहित कुमार पुत्र सर्वेश कुमार निवासी शास्त्रीनगर खाला बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# मोबाइल पर गाली गलौच करने पर मुकदमा

देहरादून (संवाददाता)। मोबाइल पर गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार चुक्खुवाला निवासी राघव सूद ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि रात्रि में उसके मोबाइल पर फोन आया और फोन करने वाले ने उसके साथ गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# काबिना मंत्री ने किया टपकेश्वर महादेव मंदिर में सुन्दरकाण्ड पाठ का दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ

कार्यालय संवाददाता



देहरादून। देहरादून के टपकेश्वर महादेव मंदिर में शुभ मंगल चारधाम सेवा समिति द्वारा आयोजित संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ का प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ किया। इससे पूर्व मंत्री ने टपकेश्वर महादेव मंदिर में भोलेनाथ के दर्शन कर उन्हें स्मरण किया। इस अवसर पर मंत्री ने पूज्य संतों का आर्शीवाद भी लिया।

काबीना मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि यह सुन्दरकाण्ड पाठ देवभूमि उत्तराखण्ड में चारधाम यात्रा के निर्विघ्न संचालन एवं दूसरे प्रदेशों से आने वाले श्रद्धालुओं की सुख-शांतिपूर्ण एवं निरापद यात्रा के लिए तथा प्रदेशवासियों व देशवासियों की सुख, समृद्धि एवं कल्याण लेकर आऐगा। उन्होंने आयोजकों को भी इस हेतु बधाई दी।

इस अवसर पर टपकेश्वर महादेव मंदिर से महंत कृष्णागिरी महाराज, दिगम्बर भरतगिरी, श्याम सुन्दर गोयल, आचार्य शिव प्रसाद मंमगाई, आचार्य विपिन जोशी, मनोहर लाल जुयाल, सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन डा० सतीश अग्रवाल, बद्रीकेदार समिति के सीईओ बीडी सिंह, आचार्य मनोज ढौढ़ियाल आदि उपस्थित रहे।

# त्वचा के लिए फायदेमंद है हायलूरोनिक एसिड, जानिए इससे जुड़ी महत्वपूर्ण बातें

अगर आप अपनी त्वचा को खूबसूरत बनाए रखना चाहते हैं तो ऐसे स्किन केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करें, जो हायलूरोनिक एसिड से युक्त हो। यह कोई केमिकल नहीं बल्कि एक ऐसा तत्व है, जो त्वचा को प्राकृतिक रूप से स्वस्थ और खूबसूरत बनाए रखने में अहम भूमिका अदा कर सकता है। आइए आज हायलूरोनिक एसिड के फायदे और इससे जुड़ी कुछ महत्वपूर्ण बातें विस्तार से बताते हैं।

हायलूरोनिक एसिड मूल रूप से एक चीनी अणु है, जो पहले से ही हमारी त्वचा, आंखों और पूरे शरीर में मौजूद होता है। यह मुख्य रूप से त्वचा की मरम्मत करने, त्वचा को हाइड्रेट और मॉइश्चराइज रखने में मदद करता है, लेकिन बढ़ती उम्र के साथ हमारे शरीर में हायलूरोनिक एसिड का उत्पादन कम हो जाता है, इसलिए इसे बाहरी स्त्रोतों से प्राप्त करना पड़ जाता है। आप इसे स्किन केयर प्रोडक्ट्स के जरिए पा सकते हैं।

हायलूरोनिक एसिड के फायदे

हायलूरोनिक एसिड रूखेपन को दूर करके मॉइश्चराइज करने और समय से पहले त्वचा पर उभरने वाले बढ़ती उम्र के लक्षणों को कम करने में काफी मदद कर सकता है। इसके अतिरिक्त, यह त्वचा के अनइवेन टेक्सर यानी खुरदरेपन को भी कम कर सकता है, जिससे त्वचा स्मूद नजर आती है और इससे त्वचा का लचीलापन भी बढ़ता है। एक्जिमा और किसी कारणवश त्वचा पर हुई लालिमा के प्रभाव को कम करने में भी हायलूरोनिक एसिड मदद कर सकता है।

हायलूरोनिक एसिड के नुकसान

आप चाहें हायलूरोनिक एसिड से युक्त कोई भी प्रोडक्ट लगाने वाले हो, उससे पहले पेच टेस्ट करें क्योंकि यह जरूरी नहीं है कि वह प्रोडक्ट आपकी त्वचा को सूट ही करें। अगर आप हायलूरोनिक एसिड के सप्लीमेंट्स या फिर इंजेक्शन को चुनते हैं तो इनके इस्तेमाल से जुड़ी सारी जानकारी स्किन केयर एक्सपर्ट से इकट्ठा कर लें क्योंकि इनका गलत इस्तेमाल त्वचा पर लालिमा, सूजन और दर्द पैदा करने कारण बन सकता है।

हायलूरोनिक एसिड इस्तेमाल करने का तरीका

आप चाहें स्किन केयर प्रोडक्ट के तौर पर हायलूरोनिक एसिड युक्त क्रीम, जेल या फिर सीरम आदि में से कुछ भी चुनें। इनके इस्तेमाल से पहले चेहरे को धो लें। इसके बाद चेहरे को तौलिए से सुखाएं, फिर इस पर हायलूरोनिक एसिड की कुछ बूंदें लगाएं और हल्के हाथों से धीरे-धीरे मालिश करें।

# इन 5 तरीको से दे अपने टीवी पैनल को आकर्षक लुक

आजकल ज्यादातर घरों में टीवी को दीवार पर टांगा जाता है।वहीं, टीवी के आस-पास की दीवार को भी सजाने का चलन जोरो पर है। लोग अपनी पसंद और बजट के हिसाब से टीवी प्लेस को सजाते हैं। वैसे टीवी पैनल को सजाने के लिए आजकल पेटिंग और प्रिंटेट माइका काफी चलन में है। इसके अलावा भी कई तरीको से इसे सजाया जाता है। तो आइए जानते हैं इसे डेकोरेट करने के कुछ तरीकों के बारे में।

प्रिंटेड मायका का इस्तेमाल

अगर हम पैनलिंग के लिए प्रिंटेट माइका की बात करें तो इससे दीवार को हाइलाइट किया जाता है। इससे 3ष्ठ स्टाइल में टीवी पैनलिंग को सजाया जाता है। ध्यान रखें कि अगर टीवी वाली दीवार लाइट कलर की है तो बाकी की दीवारों पर डार्क कलर करवाएं।

श्री डी वॉलपेपर का इस्तेमाल

आजकल श्री डी वॉलपेपर का चलन काफी जोरो पर है। आप चाहे तो जिस दीवार पर टीवी लगा है उस दीवार पर इस तरह का वॉलपेपर लगवा सकती हैं। ये आपके घर को बिल्कुल डिफरेंट लुक देगा और टीवी देखने का मजा भी बढ़ाएगा।

कुछ और तरीके

- टीवी पैनलिंग के लिए आप कप बोर्ड का इस्तेमाल कर सकती हैं। ये जहां दिखने में शानदार लगती है वहीं आप इसमें अपनी पसंद की चीजें भी सजा सकती हैं। टीवी एरिया को सजाने के लिए और कलरफुल लुक देने के लिए आप आप कॉपर पेंटिंग का इस्तेमाल कर सकती हैं। इस तरह की पेटिंग घर को ट्रेंडी और क्लासी लुक देती है।

आजकल वुडन की दीवार का चलन जोरो पर है और ये दिखने में भी क्लासी लगती हैं। इस तरह की दीवार को आपको ज्यादा सजाने की जरूरत नहीं पड़ती। ये सिंपल ही अच्छी लगती हैं।

## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

—प्रबंधक विज्ञापन

# ऑयली स्किन होने के भी है फायदे



क्या आपका चेहरा ऑयली है और आप अपना सारा समय अपना मुंह धो-धो कर गुजार देती हैं? तो ऐसा ना करें क्योंकि ऑयली चेहरे के भी अपने अलग फायदे हैं।

ऑयली चेहरे को किसी भी क्रीम या मॉइस्चराइजर की जरुरत नहीं है। ऑयली चेहरे होने के कई बड़े-बड़े फायदे हैं, जिन्हें लोग कम ही जानते हैं।

रिसर्च में भी यह बात सामने आई है कि जिनकी स्किन ऑयली होती है उनकी ज्यादा उम्र होने का पता नहीं चलता क्योंकि ऑयली स्किन पर झुर्रियां जल्द नहीं आती। इसके अलावा ऑयली स्किन हमेशा स्मूथ और कोमल नज़र आती है।

अगर आपकी स्किन ऑयली है तो आपको हर वक्त पर्स में मॉइस्चराइजर या क्रीम ले कर टहलने की आवश्यकता नहीं है। अब इतना पढ़ने के बाद आपको नहीं लगता कि पूरा आर्टिकल ही पढ़ लिया जाए और ऑयली स्निक के फायदे गिने जाएं।

चेहरे पर रहे 24×7 ग्लो

चेहरे को धोने के कुछ ही देर के बाद चेहरे पर ऑयल आ जाता है, जो कि आपके चेहरे पर चमक भर देता है। इससे आपको अपने चेहरे पर ग्लो भरने के लिये किसी भी क्रीम की कोई आवश्यकता नहीं पड़ती।

झुर्रियों का नामोनिशान नहीं जिनकी स्किन ऑयली होती है उनकी उम्र ढलने के बावजूद भी उनके चेहरे पर जल्दी झुर्रियां नहीं पड़ती। इससे वह हर वक्त जवान दिखते हैं और साथ ही उनकी स्किन में नमी हर वक्त बरकरार रहती है।

प्राकृतिक नमी रहे आपको बाजार से महंगे मॉइस्चराइजर या क्रीम खरीदने की जरुर नहीं क्योंकि आपके चेहरे के पास प्राकृतिक नमी पैदा करने की क्षमता है। यह प्राकृतिक नमी आपके चेहरे की सर्दियों से रक्षा करता है और चेहरे को रूखेपन से बचाता है।

कठोर मौसम के लिये सबसे अच्छी स्किन स्किन में ऑयल ग्लैंड विटामिन ई का सिकरीशन करता है जो कि एक प्राकृतिक एंटी ऑक्सीडेंट होता है। यह त्वचा की रक्षा कड़ी धूप, वायु प्रदूषण और ठंडे मौसम से करता है।

मेकअप करने में आसानी मेकअप करने से पहले आपकी स्किन पर ऑयल जरुर होनो चाहिये जिससे मेकअप अच्छी प्रकार से चेहरे पर चिपक सके और लंबे समय तक टिका रह सके। ब्यूटी एक्सपर्ट्स को तो ऑयली स्किन पर वर्क करना काफी अच्छा लगता है। यह मेकअप को बैलेंस करने में भी मदद करता है।

# सिद्धार्थ-कियारा का हुआ ब्रेकअप!

सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी के फैंस के लिए एक बड़ी खबर है। खबर है कि दोनों के बीच सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। आपको बता दे, पिछले कुछ समय से बॉलीवुड गलियारों में ऐसी खबरें थीं कि सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी का अफेयर चल रहा है। हालाकि, दोनों की तरफ से कभी भी इसपर ऑफिशियली कुछ नहीं कहा गया। लेकिन दोनों को अक्सर एक साथ देखा गया है। लेकिन अब दोनों ने एक दूसरे से मिलना बंद कर दिया है और दोनों के बीच अब पहले जैसा प्यार नहीं रह गया है। अब इसके पीछे की वजह क्या है इसपर कुछ भी सामने नहीं आया है। लेकिन उनका ब्रेकअप फैंस के लिए दिल तोड़ने वाला है।

सूत्रों से पता चला है कि सिद्धार्थ और कियारा आपस में शानदार बॉन्डिंग शेयर करते हैं और ऐसी भी खबरें बीच में आ रही थीं कि दोनों शादी भी कर सकते हैं। लेकिन पता नहीं ऐसा क्या हो गया कि दोनों के बीच मनमुटाव हो गया। चाहें जो भी हुआ हो लेकिन फैंस तो यही उम्मीद करेंगे कि अगर ऐसी कोई पॉसिबिलिटी हो तो वे फिर से एक हो जाएं और अपने बीच की दूरियां कम कर लें।

वर्क फ्रंट की बात करें तो सिद्धार्थ और कियारा साथ में फिल्म शेरशाह में नजर आए थे।

दोनों की इस फिल्म को फैंस का ढेर सारा प्यार मिला। इसमें सिद्धार्थ ने कैप्टन विक्रम बत्रा का रोल प्ले किया था। मौजूदा समय में सिद्धार्थ के पास तीन फिल्में हैं। वे योद्धा, मिशन मजनू और थैंक गॉड में नजर आएंगे। वहीं कियारा की बात करें तो उनके पास भूलभुलैया 2, गोविंदा नाम मेरा, आरसी 15 और जुग जुग जियो जैसी फिल्में शामिल हैं।

## शब्द सामर्थ्य -113


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 112 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | द्दो | जे | ह | द | | स | पू | त |
| ल | | ब | ल | वा | न | | | द |
| म | ह | क | | खा | म | खां | | बी |
| ग्न | | त | ल | ना | | स | फ | र |
| | म | रा | | | | ना | टा | |
| | हि | | स | | | | फ | न |
| | ला | ज | वा | ब | | म | ट | र |
| मां | | ग | | सं | त | ति | | भ |
| | मा | त | ह | त | | | प | क्षी |

# अपने 6 माह के बेटे के साथ नेहा ने किया योगा

आजकल बढ़ रही बीमारियों के बीच खुद को हेल्थी और फिट रखने के सबसे बेहतर उपाए व्यायाम को कहा जा रहा है। बॉलीवुड स्टार्स अपनी भाग-दौड़ भरी जिंदगी के बीच एक्सरसाइज करना कभी नहीं भूलते और यही उनकी फिटनेस का सबसे बड़ा सीक्रेट राज है। इसी रास्ते पर चलते हुए अभिनेत्री नेहा धूपिया ने अपने 6 माह के बेटे को भी व्यायाम सिखाने की शुरूआत कर चुके है। हाल ही में उन्होंने अपने लाडले संग योगा करते हुए की कुछ फोटोज साझा कर दी है, जिन पर स्टार्स से लेकर फैंस खूब प्यार बरसा रहे है।

इन फोटो में देखा जा सकता है कि गुरिक अपनी मां नेहा धूपिया की तरह योगासन करते हुए दिखाई दे रहे है। नेहा धुपिया अपने हाथों और पांवों के बल योग करने में लगे हुए है। वहीं नन्हें गुरिक भी उन्हीं को कॉपी करते हुए बहुत क्यूट दिख रहे है। इस बीच नेहा येलो एंड ब्लैक आउटफिट में दिखाई दे रही है। वहीं उनके बेटे ऑल व्हाइट अटायर में नज़र आ रहे है। फैंस इन तस्वीरों को खूब लाइक कर रहे हैं और कमेंट कर प्यार भी बरसा रहे हैं।

खबरों की माने तो नेहा धूपिया ने ने साल 2०18 में एक्टर अंगद बेदी संग विवाह रचा लिया है। विवाह के उपरांत कपल ने अपनी जिंदगी में 2 बच्चों- बेटी मेहर और बेटे गुरिक का स्वागत किया। जिनके साथ अक्सर कपल क्वालिटी टाइम स्पैंड करता दिखाई दे रहा है।

# रोहित शेट्टी के फोर्स में हुई विवेक ओबेरॉय की एंट्री

अजय देवगन, अक्षय कुमार और रणवीर सिंह के बाद अब रोहित शेट्टी एक नए स्टार को पुलिस के किरदार में पेश करने वाले हैं। जी हाँ और इस लिस्ट में शामिल हुए हैं विवेक ओबेरॉय। जी दरअसल रोहित शेट्टी ने अपने कॉप यूनिवर्स से 2 और नए किरदार रिवील किए थे जिनको शिल्पा शेट्टी और सिद्धार्थ मल्होत्रा प्ले करेंगे। अब इसके बाद एक और खबर आई है। जी दरअसल शिल्पा और सिद्धार्थ के बाद अब रोहित शेट्टी ने अपनी कॉप गैंग का एक सबसे बड़ा पत्ता खोला है।

दरअसल रोहित शेट्टी ने मंगलवार को अपनी अपकमिंग वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स से विवेक ओबेरॉय का लुक रिवील किया है। वहीं विवेक का लुक देखकर उनके फैंस क्रेजी हो गए हैं। वैसे आप सभी जानते ही होंगे विवेक ओबेरॉय सबसे अनुभवी अभिनेता है और इसी के चलते फिल्म में वह सबसे सीनियर ऑफिसर का रोल प्ले करते दिखाई पड़ेंगे। आप सभी देख सकते हैं रोहित शेट्टी ने विवेक ओबेरॉय का लुक रिवील करते हुए लिखा- आपका स्वागत है विवेक।

वैसे अब ये देखना ये होगा कि क्या सीरीज में विवेक के किरदार का नाम विवेक ही होगा या फिर उन्हें कोई और नाम दिया जाएगा। ऐसा इसलिए क्योंकि रोहित ने अभी तक उनका नाम रिवील नहीं किया है। वैसे फर्स्ट लुक पोस्टर में विवेक ओबेरॉय हाथ में गन थामे काफी एग्रेसिव लुक में नजर आ रहे हैं। आप सभी को बता दें कि विवेक ओबेरॉय एक्शन फिल्में करने के लिए मशहूर रहे हैं। जी हाँ और एक दौर में उनकी तुलना सलमान खान के साथ की जाती थी, हालाँकि फिर दबंग खान के साथ झगड़े के बाद उनके करियर में अचानक से नुकसान देखने को मिला।

# ब्रेकअप की खबरों के बीच कियारा ने सिद्धार्थ संग शेयर की तस्वीर

कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा के ब्रेकअप की खबरें आजकल चर्चाओं में बनी हुई है और दोनों के ब्रेकअप के किस्से तेजी से सोशल साइट्स पर वायरल हो रहे हैं। हालाँकि इन खबरों के बीच कियारा आडवाणी का एक पोस्ट सामने आया है और इस पोस्ट को देखकर एक्ट्रेस के फैंस बेहद खुश हो गए हैं। जी दरअसल, कियारा ने फिल्म शेरशाह को लेकर एक पोस्ट शेयर किया है जो आप यहाँ देख सकते हैं।

दरअसल कियारा ने अपने इंस्टा अकाउंट से धर्मा प्रोडक्शन का पोस्ट री-पोस्ट कर शेरशाह से जुड़ी खास खबर साझा की है। इस पोस्ट में कहा गया है कि- ये फिल्म बेस्ट वेब फिल्म (हिंदी) के तौर पर सेलेक्ट की गई है। फिल्म शेरशाह हिट लिस्ट ओटीटी अवॉर्ड्स में शुमार हो चुकी है। दूसरी तरफ कियारा को बेस्ट फीमेल एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला है। जी हाँ और इसके अलावा सिद्धार्थ मल्होत्रा बेस्ट मेल एक्टर अवॉर्ड के लिए चुने गए हैं।

आप सभी देख सकते हैं कियारा ने अपनी इंस्टा स्टोरी सेक्शन से दो तस्वीरें पोस्ट की हैं जिसमें एक तस्वीर में सिद्धार्थ कियारा दिखाई दे रहे हैं वहीं दूसरी फोटो में कियारा का बेस्ट एक्ट्रेस अवॉर्ड नजर आ रहा है। आप सभी को हम यह भी जानकारी दे दें कि सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी की जोड़ी बॉलीवुड के फेवरेट जोडियों में से एक बन चुकी है।

दरअसल फिल्म शेरशाह में इन दोनों को साथ में बेहद पसंद किया गया था, हालाँकि बीते कुछ दिनों से इनके ब्रेकअप की खबरों ने फैंस को परेशान किया हुआ है और वह यही दुआएं कर रहे हैं कि ये खबरें सच न हो!

# 28 साल छोटी एक्ट्रेस संग रोमांस करेंगे अक्षय!



बॉलीवुड में अपने अभिनय से सभी का दिल जीतने वाले अक्षय कुमार इन दिनों एक के बाद एक फिल्म में काम कर रहे हैं। हर महीने उनकी एक नयी फिल्म का एलान हो जाता है। अब एक्ट्रेस राधिका मदान के साथ अक्षय साउथ फिल्म सोरारई पोटरु के हिंदी रिमेक में नजर आने वाले हैं। जी हाँ और इस बात पर मुहर खुद एक्टर ने लगाई है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर करते हुए फिल्म के बारे में जानकारी दी है। इसी के साथ ही अक्षय कुमार ने फैन्स से फिल्म के नाम को लेकर सुझाव भी मांगा है।

अक्षय कुमार ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल से वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो और राधिका मदान दिखाई दे रही हैं। इस वीडियो में एक्ट्रेस नारियल फोड़ रही हैं और अभिनेता क्लैपबोर्ड लिए हुए बैठे हैं। आप देख सकते हैं इस वीडियो को शेयर करते हुए एक्टर ने कैप्शन में लिखा है, नारियल को फोड़ते हुए और छोटी सी प्रार्थना के साथ हम फिल्म की शूटिंग शुरू कर रहे हैं। फिल्म का टाइटल अब तक तय नहीं हुआ है। अगर आपके दिमाग में फिल्म के टाइटल के लिए कोई सुझाव आता है, तो हमारे साथ शेयर करें। अपनी शुभकामनाओं के साथ। आप सभी देख सकते हैं इस वीडियो पर फैंस ने कमेंट में कई सुझाव दिए हैं। खबरें हैं इस फिल्म में अक्षय कुमार राधिका मदान संग रोमांस करते हुए दिखाई देंगे।

जी हाँ और रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब तक फिल्म का प्री-प्रोडक्शन काम चल रहा था। इस फिल्म की निर्देशक सुधा कोंगारा है जिन्होंने फिल्म को पश्चिमी भारत पर सेट किया है। फिल्म में राधिका ग्रामीण मराठी महिला के रोल में दिखाई देंगी। आप सभी को बता दें, साल 2०2० में फिल्म 'सोरारई पोटरु' रिलीज हुई थी और इस फिल्म में साउथ के सुपरस्टार सूर्या और अपर्णा बालमुरली लीड रोल में दिखाई दिए थे।

# लग्जरी लाइफस्टाइल की शौक़ीन है जैकलीन फर्नांडीज़



बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज़ यू तो किसी के परिचय की जरूरत नहीं है. उनके दमदार प्रदर्शन की झलक हमें आए दिन देखने को के लिए मिल रही है. एक्ट्रेस लग्जरी लाइफस्टाइल की बहुत ही ज्यादा शौक़ीन है. सोशल मीडिया पर छोटी से छोटी और बड़ी-बड़ी खुशियां वो खुलकर मनाती हुई नज़र आती है. हाल ही में जैकलीन फर्नांडीज़ अपने फोटोशूट की तीन फोटोज को फैंस के साथ साझा किया है. जिसमें उनका ग्लैम अंदाज देखने के लिए मिल रहा है. एक्ट्रेस इस बीच खुले बालों के साथ थाई स्लिट गाउन पहने दिखाई दे रही है. लेकिन इस दौरान सबकी नजरें जैकलीन फर्नांडीज़ की पहनी हुई हिल्स पर पड़ गई है.

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार जैकलीन फर्नांडीज़ ने इस फोटोशूट में जो हिल्स भी पहन रखी है उनका मूल्य लाखों में है. जी हां यही जैकलीन फर्नांडीज़ की ये हील्स लग्जरियस ब्रांड की है और जिसका मूल्य 12०००० से भी अधिक कहा जा रहा है. सोशल मीडिया पर यह फोटोज वायरल हुई और दर्शकों को जैकलीन फर्नांडीज़ की हील्स बहुत पसंद आई तो हमने सोचा क्यों ना आपके लिए इस हील्स को खंगाल ही डाला.

यह पहली दफा नहीं जो जैकलीन फर्नांडीज़ ने अपने फोटोशूट पर इतनी महंगी हील्स कैरी की हो. जैकलीन फर्नांडीज़ हमेशा महंगी महंगी ब्रांड्स एंडोर्स करती हैं. अभिनेत्री का लाइफस्टाइल बहुत लग्जरियस है. वहीँ बात की जाए इस फोटोशूट में जैकलीन फर्नांडीज़ के लुक की तो इस दौरान अभिनेत्री न्यूड शेड के गाउन में खुले बालों के साथ मिनिमल ज्वेलरी के साथ कैरी करती हुई दिखाई दी. तो वहीं बात करें जैकलिन के बैकग्राउंड की तो एक्ट्रेस जिन सीढ़ियों पर बैठी हुई हैं, उसपर काफी अच्छी आर्ट देखने को मिल रही है.

# 2०० करोड़ रुपये के बजट में बनेगी शाहरुख अभिनीत एटली की फिल्म

बॉलीवुड के बादशाह माने जाने शाहरुख खान की लोकप्रियता किसी से छिपी नहीं है। वह काफी समय से साउथ के दिग्गज निर्देशक एटली की फिल्म को लेकर दर्शकों की जुबां पर हैं। मेकर्स ने अभी तक इस फिल्म का आधिकारिक ऐलान नहीं किया है। इसके बावजूद फिल्म को लेकर कई तरह की खबरें आ चुकी हैं। अब सुनने में आ रहा है कि शाहरुख की यह फिल्म 2०० करोड़ रुपये के बजट में बनेगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, शाहरुख अभिनीत एटली की अगली फिल्म 2०० करोड़ रुपये के भारी-भरकम बजट में बनेगी। एक सूत्र ने बताया, शाहरुख एक ऐसे निर्माता हैं, जो अपनी सभी फिल्मों को सर्वश्रेष्ठ बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ते। एटली की अगली फिल्म भी इससे अलग नहीं होगी। इस फिल्म के निर्माण की लागत 2०० करोड़ रुपये है। बता दें कि फिल्म का निर्माण शाहरुख की प्रोडक्शन कंपनी रेड चिलीज एंटरटेनमेंट कर रही है।

सूत्र ने बताया कि पठान के बाद एटली की यह फिल्म शाहरुख के करियर की दूसरी सबसे महंगी फिल्म है। खबरों की मानें तो पठान को 25० करोड़ रुपये के बजट में बनाया गया है। खास बात यह है कि एटली की फिल्म के बजट में शाहरुख, नयनतारा और निर्देशक एटली की फीस को शामिल नहीं किया गया है। यदि कलाकारों की फीस जोड़ी जाएगी, तो फिल्म का बजट और बढ़ जाएगा। इसे एक बहुप्रतीक्षित फिल्म माना जा रहा है।

शाहरुख की इस फिल्म में नयनतारा और सान्या मल्होत्रा फीमेल लीड किरदार में नजर आएंगी। इसमें अभिनेता सुनील ग्रोवर भी अहम भूमिका निभाते दिखेंगे। इस फिल्म का अगला शेड्यूल जून में शुरू होगा। कहा जा रहा है कि इस एंटरटेनर फिल्म को 18० दिनों की अवधि में शूट किया जाएगा। ऐसी भी खबरें आई हैं कि फिल्म में साउथ अभिनेता राणा दग्गुबाती विलेन का किरदार निभाएंगे। यह पहली बार होगा जब अभिनेता शाहरुख और दग्गुबाती एक साथ स्क्रीन शेयर करेंगे।

हाल में रिपोर्ट में दावा किया गया था कि यह फिल्म सुपरहिट वेब सीरीज मनी हाइस्ट से प्रेरित है। पिछले साल ही इस सीरीज का पांचवां सीजन रिलीज हुआ है। एक सूत्र ने कहा था, यह एक विशिष्ट एटली फिल्म होगी, जिसकी पटकथा में सभी तरह की व्यावसायिक ट्रैपिंग को शामिल किया गया है। वास्तव में फिल्म की कहानी में पर्याप्त ट्विस्ट और टर्न हैं, जिससे इसकी कहानी मनी हाइस्ट से प्रेरित लगती है।

अंतिम बार शाहरुख को 2०18 में आई फिल्म जीरो में अभिनय करते हुए देखा गया था। इस फिल्म को कोई खास सफलता नहीं मिली थी। अब वह पठान के जरिए रूपहले पर्दे पर वापसी करेंगे। फिल्म अगले साल 25 जनवरी को रिलीज होगी।

# मानव भस्मासुर या प्रकृति ?

हरिशंकर व्यास

यक्ष प्रश्न है क्या मनुष्य जानता है कि वह भस्मासुर है? क्या उसे भान है कि गंगोत्री से शुरू आठ हजार साल पूर्व की उसकी गंगा यात्रा अब अंत के उस मुहाने पर है, जिसकी छिन्न-भिन्न धाराएं मनुष्य प्रजाति को प्रलयकारी महासागर के सामने पहुंचाएं हुए है। ज.तभी सवाल है मनुष्य जब अंतरिक्ष को भेदने, ब्रह्माण्ड के नए ग्रह में नई पृथ्वी बनाने की तैयारी में है तो वह पहले अपने भस्मासुरी स्वभाव का डायग्नोसिस क्यों नहीं करता? कैसे मनुष्य दिमाग के भस्मासुरी डीएनए खत्म हो? ऐसा कैसे कि दो-तिहाई से अधिक आबादी अतीत की बेसुधी में जीती हुई है और उन पर भस्मासुरी चेहरों का स्वामित्व है।

खलनायक कौन? मानव या प्रकृति? इन दोनों में भस्मासुर कौन? जवाब के लिए तब सोचना होगा कि मनुष्य ने क्या किया और प्रकृति ने क्या दिया? मनुष्य ने अपनी भूख और विपदाओं में प्रकृति को साधा। बह्माण्ड की ऊर्जाओं, जगत की शक्तियों व पंचतत्वों को आह्वान किया। उनके बूते अपने को बनाया। जाहिर है प्रकृति से मनुष्य को समर्थ बनने का वरदान मिला। इससे पृथ्वी का क्या बना? अनुभव और सत्य सामने है। मनुष्य, मनुष्य का और पूरी मानवता (द्धह्लद्दड्डठ्ठद्बह्ल4) का भस्मासुर है तो पृथ्वी का भस्मासुर (क्च्द्धड्डह्यद्दड्डह्यह्लह्ट) भी! कह सकते हैं प्रकृति ने मनुष्य का दिमाग क्योंकि चिम्पांजी वाला बनाया है तो मनुष्य भला कैसे दोषी? आखिर उसकी जैविक डीएनए संरचना है। इसके कारण वह आदिम जंगली स्वभाव से बाहर नहीं निकल पाया। उपलब्धियों के क्रमिक विकास, मानवीय मूल्यों की समझ के बावजूद वह जन्मजात अमानुष है। इंसान के चिंतन, विकास, व्यवस्थाओं, राजनीति, आर्थिकी, ज्ञान-विज्ञान सब पर क्योंकि ओरिजनल डीएनए की छाप है तो उन्हीं के कारण आठ अरब लोगों का मानव समाज अहंकार व नासमझी का मारा है। वह भस्मासुर है तो उसे किसने ऐसा बनाया? प्रकृति और ईश्वर का दोष है, जो उन्होंने बीज ऐसा बनाया।

यक्ष प्रश्न है क्या मनुष्य जानता है कि वह भस्मासुर है? क्या उसे भान है कि गंगोत्री से शुरू आठ हजार साल पूर्व की उसकी गंगा यात्रा अब अंत के उस मुहाने पर है, जिसकी बिखरी, छिन्न-भिन्न धाराएं मनुष्य प्रजाति को प्रलयकारी महासागर के आगे पहुंचाए हुए है।

मानव जीवन के दो अध्याय। एक इतिहास पूर्व का और दूसरा आठ हजार वर्षों का लाइव इतिहास! इतिहास पूर्व में मनुष्य उत्तम खेती व आत्मनिर्भर-स्वतंत्र जीवन के अस्तित्व में जीता था। अगला अध्याय ज्ञात इतिहास के अनुभवों का है! मनुष्य ने अपने कर्मों से पृथ्वी का श्रृंगार किया। वैभव बनाया। अंतरिक्ष से पृथ्वी मानव विकास की रोशनी से तभी जगमग दिखती है। मगर असलियत में दोनों किस अवस्था में? पृथ्वी और जन-जीवन दोनों की सेहत कैसी? जवाब है आठ अरब लोगों में 95 प्रतिशत मनुष्य जहां बंधनों में शोषित, गंवार और भेड़-बकरी जीवन जीते हुए हैं तो वहीं पृथ्वी की दशा जर्जर, पिघलती, खोखली और बेहाल अवस्था वाली। दोनों विपदा-आपदा की नियति लिए हुए है!

दो पलड़े। एक में मानव समाज और दूसरे में पृथ्वी! यों किसी स्केल में दोनों को मापना न उचित है और न संभव। पर दोनों की दशा-दिशा के एक से हाल। आखिर आठ अरब लोगों में कितने प्रतिशत मनुष्य स्वतंत्रता, गरिमा, भौतिक सुख की वह शांत-स्थिर जिंदगी जीते हुए हैं, जैसी कुछ बिरले सभ्य समाजों में है? दूसरा सत्य पृथ्वी का कौन सा इलाका क्षत-विक्षत नहीं है? तभी लाइव सत्य है कि जैसे पृथ्वी घायल, लावारिस अवस्था में सांस लेते हुए है वैसे ही आठ अरब लोगों की भीड़ में बहुसंख्यक लोग घुटी सांस का नारकीय जीवन जीते हुए हैं।

तभी वर्तमान और भविष्य दोनों की तस्वीर सफेद-काली है। जिनमें ग्रे शेड से कारण-प्रभाव की ढेरों पहेलियां हैं। दर्शन, इतिहास, मनोविज्ञान के अनुत्तरित कई यक्ष सवाल हैं। न समझ आने वाली अहम बात इतिहास का मानव व्यवहार के चलते बार-बार लौटना है। कभी आशावाद स्थाई नहीं हो पाता। बीसवीं सदी पर गौर करें। कई दफा आशावादी ज्वार आया। लेकिन ढाक के तीन पात और संकट व निराशा के बादल। दो महायुद्ध, उपनिवेश की बेड़ियों की छटपटाहट और उनसे मनुष्य के बाहर निकलने का लंबा अनुभव। लेकिन फिर एक के बाद एक मानव त्रासदी। बीसवीं सदी में मुक्ति, क्रांति, आजादी, स्वदेशी और नस्ल व राष्ट्र स्वाभिमान के जितने भी अवसर बने उनमें अधिकांश से नए दलदल निर्मित। करोड़ों लोग नेताओं की सनक, उनके विचारों और व्यवस्थाओं की सूली पर बेमौत लटके हैं। अकल्पनीय नरसंहार हुए है। नस्ल, विचार, धर्म और सभ्यताओं के संघर्षों में मनुष्यों की बार-बार बलि चढ़ी है। किस्म-किस्म की लड़ाकू सनकों में मनुष्य जीवन बंधा है। जैसे सभ्यताओं का संघर्ष। इस्लाम के जन्म के बाद से ही लगातार चलता हुआ क्रूसेड। ऐसे ही मूलवासी बनाम स्वामित्ववादी विदेशियों की भिन्नताओं की लड़ाइयां। क्रूसेड के आरंभ से मध्यकाल की सामंतशाही, यूरोपीय पुनर्जागरण की उथल-पुथल, उपनिवेशवाद, फासीवाद, साम्यवाद आदि में मनुष्य की मनुष्य के प्रति बर्बरताओं के क्रम का यदि संपूर्णता से रिकार्ड बने तो यक्ष प्रश्न उभरेगा कि क्या मनुष्य प्रकृति तो कहीं भस्मासुर बनवाने के वायरस लिए हुए नहीं है?

हर युद्ध, हर महाभारत आखिर में शांतिपर्व लिए होता है। तब मनुष्य संकल्प बनाता है आगे ऐसा नहीं होगा। लेकिन भविष्य वापिस वहीं लिए हुए जो पहले हुआ। मनुष्य की लड़ाइयों में ईश्वर प्रगट हुए। उन्होंने लड़ना धर्म बताया और लड़ाई के बाद शांति पर्व में मानव को भविष्य में ऐसा नहीं करने की नसीहत दी। लेकिन न मनुष्य बदला और न भगवान ने तय किया कि वह अपनी अलौकिक शक्ति से मनुष्य की खोपड़ी में मौजूद चिम्पांजी के जंगली डीएनए का समूह नष्ट करे!

आठ हजार सालों से चला आ रहा लाइव इतिहास सीधी लाल लकीर पर बढ़ता हुआ है! 1918 में पहला महायुद्ध खत्म हुआ तो दुनिया की ताकतों ने नई व्यवस्था बनाकर माना कि आगे लड़ाई नहीं होगी। पर डेढ़ दशक बाद दूसरा महायुद्ध शुरू। उसके खत्म होने के बाद माना गया आगे ऐसा नहीं होगा। लेकिन फिर शीत युद्ध। वह शीत लड़ाई सर्वाधिक संहारक हथियार बनाने, मनुष्य के भस्मासुरी होने के खौफनाक प्रमाण लिए हुए है। 1991 में सोवियत संघ ढहा तो विश्व ने माना अब स्थायी शांति। लेकिन फिर 9/11 हुआ। पश्चिम बनाम इस्लाम का क्रूसेड दुबारा जिंदा। इससे अफगानिस्तान, इराक, चेचेन्या के जब अनुभव बने तो उदारवादी पश्चिमी ईसाई समाज ने अनुदारवादी ईसाई रूस के पुतिन तक से भाईचारा सोच डाला! वहीं पुतिन अब ईसाई यूक्रेन को बर्बरता से लहूलुहान करते हुए। नतीजतन नए सिरे से ईसाई सभ्यता के भीतर शैतान और बूचर की मनुष्य प्रकृति पर बहस है। तीन एटमी महाशक्तियों याकि रूस-चीन-पाकिस्तान के स्लाविक, चाइनीज और इस्लामी सभ्यता के साझे की पश्चिमी सभ्यता में नई थ्योरियां चल पड़ी हैं!

पत्रकारिता के मेरे पचास साला अनुभव में, 1972 के बांग्लादेश युद्ध की स्मृति से लेकर 2022 के रूस-यूक्रेन के अनुभवों का तभी निचोड़ बनता है कि यक्ष प्रश्न कई है लेकिन सभी अनुत्तरित!

इसलिए अंतरिक्ष में छलांग से पहले जरूरी है जो मनुष्य अपनी बुनावट, अतीत व अनुभवों की बैकग्राउंड में मानव समाज पर समग्रता से विचार करे। अंतरिक्ष में बस्ती बनाने के विज्ञान से पहले वह बूझे कि क्या दूसरे ग्रह में इंसान के मौजूदा डीएनए और उसकी स्मृतियों को ले कर वह वहां बसेगा? वहां भी क्या वह जीत के अहंकार में नया लोक बसाएगा? पृथ्वी पर जो होता आया है वहीं क्या भविष्य के मानवग्रह में होगा?

## सू- दोकू क्र. 113

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.112का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

# फ्रांस में फिर मैक्रों

पांच साल बाद फिर उन दोनों के बीच ही फिर से मुकाबला होना फ्रेंच लोकतंत्र के लगातार बीमार होते जाने का संकेत है। इस बार संकेत यह मिला है कि ये बीमारी और गहरा गई है। 2017 में दूसरे दौर में मैक्रों 66-34 प्रतिशत मतों के अंतर से जीते थे। इस बार ये अंतर 58.5-41.5 प्रतिशत पर आ गया।

इमैनुएल मैक्रों फिर से फ्रांस के राष्ट्रपति चुन लिए जाएंगे, इस बाते में पहले से भी कोई शक नही था। खास कर जब पहले दौर के मतदान में वे सबसे आगे रहे और यह तय हो गया कि दूसरे दौर में उनका मुकाबला धुर दक्षिणपंथी मेरी ली पेन से होगा, तब उनकी जीत और पक्की मान ली गई। लेकिन पांच साल बाद एक बार फिर उन दोनों के बीच ही फिर से मुकाबला होना फ्रेंच लोकतंत्र के लगातार बीमार होते जाने का संकेत है। इस बार संकेत यह मिला है कि ये बीमारी और गहरा गई है। 2017 में दूसरे दौर में मैक्रों ने 66-34 प्रतिशत मतों के अंतर से ली पेन को हराया था। इस बार ये अंतर 58.5- 41.5 प्रतिशत पर आ गया। जाहिर है, पिछले पांच साल में फ्रांस का जनमत दक्षिण से धुर दक्षिणपंथ की तरफ और ज्यादा खिसका है। दरअसल, अगर आर्थिक मामलों को देखें, तो ली पेन का एजेंडा इस बार मैक्रों से अधिक वामपंथी नजर आता था। लेकिन नस्लभेद, उग्र राष्ट्रवाद और आव्रजन विरोध के मुद्दों पर मैक्रों अपेक्षाकृत उदारवादी नजर आते थे। इस बीच परंपरागत दक्षिणपंथ और वामपंथ की प्रतिनिधि पार्टियां मुकाबले से बाहर हो गई हैँ।

इस बार पहले दौर में धुर वामपंथी माने जाने वाले ज्यां लुक मेलेन्शॉं ने जरूरत आश्चर्यजनक सफलता पाई। उन्होंने 22 प्रतिशत से ऊपर वोट हासिल किए। ली पेन से वे सिर्फ एक प्रतिशत वोट से पीछे रहे। अगर फ्रांस की कम्युनिस्ट पार्टी ने पिछली बार की तरह इस बार उनका समर्थन किया होता, तो वे निश्चित रूप से दूसरे दौर में पहुंच गए होते। बहरहाल, उन्हें मिला समर्थन भी फ्रांस में लगातार तीखे हो रहे वैचारिक ध्रुवीकरण को जाहिर करता है। धुर दक्षिणपंथ और धुर वामपंथ दोनों मजबूत हुए हैँ। इनके बीच मैक्रों मध्यमार्गी नजर आते हैं, लेकिन पांच साल में उन्होंने अपना समर्थन आधार गंवाया है। इसीलिए जून में होने वाले संसदीय चुनाव में उनकी पार्टी इस बार बहुमत हासिल कर पाएगी या नहीं, इसको लेकर संदेह का आलम बन गया है। फ्रांस के संविधान के मुताबिक संसदीय बहुमत के आधार पर बनने वाली सरकार के पास भी काफी अधिकार होते हैँ। इस तरह अगर मैक्रों की पार्टी वहां हारी, तो उनका इस बार का कार्यकाल कांटों के रास्ते पर चलने जैसा हो सकता है। इसके अलावा यह भरोसा भी कमजोर पड़ा है कि मैक्रों का मार्ग लंबे समय तक फ्रांस को धुर दक्षिणपंथ से बचा पाएगा।( आरएनएस)

# श्रीकांत बोला के विवाह पर राजकुमार राव ने दी बधाई

एक्टर राजकुमार राव जल्द ही उद्योगपति श्रीकांत बोला की बायोपिक में मुख्य भूमिका निभाते हुए दिखाई देने वाले है। बहुप्रतीक्षित मूवी के निर्देशक तुषार हीरानंदानी 23 अप्रैल को हैदराबाद में श्रीकांत बोला के विवाह समारोह का भाग बने। इस शुभ अवसर पर तुषार हीरानंदानी और राजकुमार राव ने नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद भी दे दिया है।

निर्देशक ने इंस्टाग्राम पर नवविवाहिता की तस्वीर पोस्ट की और बोला है कि- श्रीकांत और स्वाति को नई पारी शुरू करने के लिए बधाई... श्रीकांत गरु अब तो तेरी कहानी बोलनी पड़ेगी

बता दें कि राजकुमार राव ने इंस्टाग्राम पर उन्हें बधाई दी और जोड़े के सुखी वैवाहिक जीवन की कामना भी की है। गुलशन कुमार और टी-सीरीज़ एक टी-सीरीज़ फ़िल्म्स प्रस्तुत करते हैं और चाक एन चीज़ फ़िल्म्स प्रोडक्शन स्र्क्क, अस्थायी रूप से श्रीकांत बोला शीर्षक है। तुषार हीरानंदानी द्वारा निर्देशित, भूषण कुमार, कृष्ण कुमार और निधि परमार हीरानंदानी द्वारा निर्मित, सुमित पुरोहित और जगदीप सिद्धू द्वारा लिखा गया है। मूवी जुलाई 2022 को रिलीज की जाने वाली है।

# आग लगने से लाखों का सामान स्वाह

हमारे संवाददाता

देहरादून। राजधानी दून की एलोराज बेकर्स में आज सुबह अचानक भीषण आग लगने से अफरा तफरी फैल गयी। सूचना मिलने पुलिस व फायर सर्विस ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। आग लगने से कोई जनहानि तो नहीं हुई लेकिन नुकसान लाखों का बताया जा रहा है।




जानकारी के अनुसार आज सुबह लगभग पांच बजे राजपुर रोड स्थित एलोराज बेकर्स में अचानक आग लग गयी। बताया जा रहा है कि कुछ ही देर में आग ने इतना विकराल रूप ले लिया कि सड़क पर मौजूद लोगों में अफरा तफरी फैल गयी। मामले की सूचना पुलिस व फायर सर्विस को दी गयी तो उन्होने मौके पर पहुंच कर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से कोई जनहानि तो नहीं हुई है लेकिन नुकसान लाखों का बताया जा रहा है।

# लाठी डण्डों से हमला कर घायल करने पर चार लोगों पर मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। लाठी डण्डों से मारपीटकर घायल करने के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बद्रीनाथ कालोनी नेशविला रोड निवासी नवीन सहेत्रा ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह और उसका दोस्त नीरज इन्दरा कोलानी लसियाल चौक गये मैने अपने दोस्त को वह छोडा और गोले की ठेली पर गोला खाने लगा इतने मै उसने देखा की चौक पर दो लडको का झगड होने लगा वो एक दूसरे को चाकू मारने कि कोशिश कर रहे थे मैने जा कर उन्हे छुडा दिया और फिर गोला खाने लगा कुछ देर बाद वह फिर झगडा होने लगा मै फिर उन्हे छुडाने लगा इस पर मेरे सर पर पिछे से किसी ने बार किया और मुझे डण्डो, बेल्ट व बेट से बुरी तरह से पिटा जिस के कारण मै गिर गया और बेहोश हो गया मुझे नही मालुम मुझे घर किसने छोडा मेरे घर वाले मुझे दून होस्पिटल लेकर गये मेरा एक्सरे हुआ मेरी टागं की हड्डी टूट गयी है मेरे शरीर में अनेको गुम चोट आयी है लठ्ठी डन्डो से वार करने के कारण मुझ पर बार करने वाले लडके मे मुख्य रुप से अंशुल गुप्त, अखिल गुप्ता, अखिल सोनकार (काल्टीन) सुखी थे मुझे चारो लोगे के ही नाम मालुम है बाकि को मै नही जनता। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# भारी मात्रा में प्रतिबंधित इंजेक्शन व हजारों की नगदी सहित तीन गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। नशे के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस को कल देर रात खासी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने तीन नशा तस्करों को दबोच कर उनके पास से भारी मात्रा में नशीले इंजेक्शन व हजारों की नगदी बरामद की गयी है।

जानकारी के अनुसार कल देर शाम कोतवाली रूड़की पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में कुछ नशा तस्कर नशीले पदार्थो की डिलीवरी हेतू आने वाले है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान पुलिस को पुरानी सब्जी मंडी के समीप दो बाइक सवार तीन संदिग्ध आते हुए दिखायी दिये। पुलिस ने जब उन्हे रोक कर तलाशी ली तो उनके पास से 760 प्रतिबन्धित इंजेक्शन व 11 हजार 610 रूपये की नगदी बरामद हुए। पूछताछ में उन्होने अपना नाम मोमीन उर्फ बोना पुत्र घसीटा निवासी ग्राम बेडूपुर, अल्तमस पुत्र राशिद निवासी ग्राम किरतपुर बिजनौर व रिजवान पुत्र अब्दुल मजीद निवासी ग्राम मुकरपुर हरिद्वार बताया। जिन्हे एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया गया है।

# लघु व्यापरियों ने अपनी मांगों को लेकर प्रधनमंत्री को ज्ञापन भेजा

संवाददाता

हरिद्वार। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर लघु व्यापार एसोसिएशन ने प्रदर्शन कर जिला प्रशासन के माध्यम से प्रधनमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया।



आज यहां फुटपाथ के रेडी पटरी के स्ट्रीट वेंडर्स लघु व्यापारियों के सामूहिक संगठन लघु व्यापार एसोसिएशन की क्षेत्रीय इकाइयों के प्रतिनिधियों ने भारी तादाद पर शिव मूर्ति पर एकत्रित होकर अपने घोषित कार्यक्रम के अनुसार लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा के नेतृत्व में जलूस के रूप में रेलवे रोड से होते हुए सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय पर पहुंचकर अपने जोरदार प्रदर्शन के उपरांत सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम संबोधित ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में मांग की राष्ट्रीय पथ विक्रेता संरक्षण अधिनियम व आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय निर्माण भवन नई दिल्ली द्वारा विवाद समाधान तंत्र की उप धाराओं अप्रसांगिक संशोधन प्रस्तावना को रोके जाने के विषयों को दोहराया।

इस अवसर पर लघु व्यापार एसो. के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने कहा राष्ट्रीय पथ विक्रेता संरक्षण अधिनियम भारत सरकार के संरक्षण में पूरे भारतवर्ष में सभी राज्यों के निकायों द्वारा पूर्ण रूप से क्रियान्वित नहीं किया गया है, ऐसे में रेडी पटरी के लघु व्यापारियों के संरक्षण के लिए बनाए गए कानून में संशोधन किया जाना अन्याय पूर्ण है। उन्होंने कहा यदि भारत सरकार रेडी पटरी के लघु व्यापारियों को ईमानदारी के साथ रोजगार के अवसर देकर संरक्षित करना चाहती है तो जिस प्रकार से भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर स्वनिधि योजना का लक्ष्य 2024 तक निर्धारित किया गया है उसी की तर्ज पर वर्ष 2026 तक भारतवर्ष के करोड़ों मेहनतकश रेडी पटरी के स्ट्रीट वेंडर्स को न्यू स्मार्ट सिटी योजना में सम्मिलित कर स्वनिधि से शहरी समृद्धि तक वेंडिंग जोन हक्ककिंग जोन के रूप में विकसित करें।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम संबोधित ज्ञापन प्रदर्शन में शामिल हुए लघु व्यापारियों में मनोज मंडल, राजेंद्र पाल, जय सिंह बिष्ट, लाल चंद गुप्ता, दिलीप गुप्ता, ठाकुर कुंदन सिंह, राजू कश्यप, विजय गुप्ता, चुन्नू चौधरी, विजेंद्र पाल, चंदन सिंह रावत, हरेंद्र पवार, हरपाल सिंह, धर्मपाल कश्यप, तस्लीम अहमद, नईम सलमानी, आलम अंसारी, आशा देवी, मंजू देवी, पुष्पा दास, माया राजपूत, कमल कुमार, सचिन राजपूत, वीरेंद्र, ओम प्रकाश भाटी आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# एप डाउनलोड करने के बहाने हजारों की ठगी

देहरादून (सं)। गूगल एप डाउनलोड कराने के बहाने 14 हजार रूपये की ठगी की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार हर्रावाला निवासी प्रशांत कुमार नायक ने डोईवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके पास फोन आया और फोनकर्ता ने अपने आपको एचडीएफसी बैंक का कस्टमर केयर अधिकारी है। उसने उसको एनी डेस्क ऐप डाउनलोड करने के लिए कहा। उसने जैसे ही एप डाउनलोड किया उसके खाते से 14 हजार रूपये निकल गये।

# मन्दिर से चोरी में इनोवा कार चालक के खिलाफ मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। शिव मन्दिर से दान पात्र तोडकर चोरी करने के मामले में इनोवा कार चालक के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवनगर एमडीडीए कालोनी निवासी अनिल नैथानी ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि आज प्रात: साढे नौ बजे एक व्यक्ति जो इनोवा वाहन से माँ दुर्गा मन्दिर शिवनगर एमडीडीए कालोनी मे आया और मन्दिर के दान पात्र से रुपये जो सिक्कों एंव नोटों में दान पात्र मे थे। दान पात्र का ताला तोडकर चोरी करके ले गया ऐसी ही घटना उसी व्यक्ति ने शिवनगर स्थित शिव मन्दिर में की वहाँ से भी वह दान पात्र का ताला तोडकर सिक्के व नोट चोरी करके ले गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# मेयर ने किया रिस्पना एवं बिंदाल नदी पर चल रहे सफाई अभियान का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। नगर निगम सदैव ही बरसातों से पूर्व वृहद स्तर पर रिस्पना एवं बिंदाल नदी की सफाई व्यवस्था को सुनिश्चित करता है, जिससे की बरसातों के आगमन पर नदियों का जल स्तर भीषण रूप धारण न करे सके।



आज इसी क्रम में राजपुर विधानसभा अन्तर्गत वार्ड संख्यारू– २८, डालनवाला पूर्व में, मेयर सुनील उनियाल गामा जी एवं मा० विधायक खजान दास जी ने नगर आयुक्त मनुज गोयल को साथ लेकर रिस्पना नदी में निगम द्वारा बड़े स्तर पर गतिमान सफाई अभियान का निरीक्षण किया।

इस दौरान मेयर सुनील उनियाल गामा ने मौके पर ही अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

नगर निगम द्वारा यह विशेष अभियान बंजारावाला, ओगल भट्टा, नेशविला रोड, डोभाल वाला, सालावाला, कारगी, संजय कॉलोनी से सटे विभिन्न क्षेत्रों में गतिमान है।

निरीक्षण के पश्चात नगर मेयर सुनील उनियाल गामा एवं विधायक खजान दास ने उक्त क्षेत्र में स्थित निगम रैन बसेरा पहुँचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। तथा रैन बसेरे के रखरखाव से संबंधित विभिन्न विषयों पर उपस्थित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अविनाश शर्मा, सफाई स्पेक्टर राजवीर चौहान, अजय तिवारी सहित निगम कर्मचारी उपस्थित रहे।



## एक नजर

# जनरल मनोज पांडे ने 29वें थलेसना प्रमुख के तौर पर पदभार संभाला

नई दिल्ली। जनरल मनोज पांडे ने शनिवार को जनरल एम.एम. नरवणे के सेवानिवृत्त होने के बाद २९वें थलेसना प्रमुख के तौर पर पदभार संभाल लिया। उप थलसेना प्रमुख के तौर पर सेवाएं दे चुके जनरल पांडे बल की इंजीनियर कोर से सेना प्रमुख बनने वाले पहले अधिकारी बन गए हैं। एक फरवरी को थल सेना का उप–प्रमुख बनने से पहले वह थल सेना की पूर्वी कमान का नेतृत्व कर रहे थे। इस कमान पर सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा की रक्षा की जिम्मेदारी है। जनरल पांडे ने ऐसे समय में थल सेना की कमान संभाली है, जब भारत चीन और पाकिस्तान से लगी सीमाओं पर चुनौती सहित असंख्य सुरक्षा चुनौतियों का सामना कर रहा है। सेना प्रमुख के रूप में, उन्हें थिएटर कमांड को तैयार करने की सरकार की योजना पर नौसेना और वायु सेना के साथ समन्वय करना होगा। भारत के पहले प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल बिपिन रावत थिएटर कमांड तैयार करने पर काम कर रहे थे, जिनका पिछले साल दिसंबर में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में निधन हो गया।



# एआइएमआइएम नेता इम्तियाज जलील ने राज ठाकरे को दिया इफ्तार पार्टी का न्यौता

मुंबई । एआइएमआइएम पार्टी के औरंगाबाद से सांसद इम्तियाज जलील ने एमनएस प्रमुख राज ठाकरे को इफ्तार के लिए दावत दिया है। आपको बता दें कि राज ठाकरे एक मई को औरंगाबाद में रैली करने जा रहे हैं, इस पर इम्तियाज जलील ने कहा कि राज ठाकरे हमारे शहर आ रहे है, इल लिहाज से वह हमारे मेहमान हुए। इसी बुनियाद पर उन्होंने मनसे प्रमुख को इफ्तार की दावत दी है। गौरतलब है कि महाराष्ट्र में लाउडस्पीकर को लेकर कई दिनों से विवाद चल रहा है और इस विवाद की शुरुआत राज ठाकरे ने की है। इन्होंने राज्य सरकार को तीन मई तक का अल्टीमेटम भी दिया है कि मस्जिदों से लाउडस्पीकर को हटा दें। इसके लिए पार्टी ने कई जगह विरोध प्रदर्शन भी किया है और इसी संदर्भ में वह एक मई को औरंगाबाद में रैली भी करने जा रहे हैं। इस पर बोलते हुए सांसद इम्तियाज जलील ने आजतक से कहा, ष्मेरी संस्कृति, मेरी परवरिश कहती है कि राज ठाकरे हमारे मेहमान हैं। अब क्योंकि वे हमारे शहर आ रहे हैं, ऐसे में रैली से पहले हम सभी साथ मिलकर रोजा इफ्तार करेंगे। राज ठाकरे स्टेज पर कुछ भी कह सकते हैं।



# ईडी ने अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज की 7 करोड़ की संपत्ति अटैच की!

मुंबई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ठग सुकेश चंद्रशेखर के खिलाफ २०० करोड़ रुपये की रंगदारी मामले में जैकलीन फर्नांडीज की ७.२७ करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है। रिपोर्ट के अनुसार, सूत्रों ने बताया कि कुर्क की गई संपत्ति में जैकलीन फर्नांडीज के नाम से ७.१२ करोड़ रुपये की सावधि जमा शामिल है। सूत्रों का कहना है कि जैकलीन फर्नांडीज को जबरन वसूली के पैसे से लाभ पहुंचा है और मनी लॉन्ड्रिंग निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत कुर्की की गई है। अधिकारियों को अब तक सुकेश चंद्रशेखर द्वारा जैकलीन फर्नांडीज को ५.७१ करोड़ रुपये के उपहार देने के सबूत मिले हैं। उपहारों के अलावा, उसने जैकलीन के करीबी परिवार के सदस्यों को करीब १७३,००० अमेरिकी डॉलर और लगभग २७,००० ऑस्ट्रेलियाई डॉलर भी दिए थे। सुकेश चंद्रशेखर के साथ कथित संबंधों के लिए ईडी द्वारा जैकलीन फर्नांडीज से कई बार पूछताछ की जा चुकी है। जैकलीन फिलहाल इस मामले में आरोपी नहीं हैं, लेकिन जांचकर्ताओं ने अभी तक उन्हें क्लीन चिट नहीं दी है। श्रीलंका में जन्मे अभिनेता के देश छोड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। सुकेश चंद्रशेखर पर दिल्ली के एक कारोबारी की पत्नी से फर्जी कॉल्स के जरिए २१५ करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने का आरोप है।



# चंपावत की जनता ने भरी हामी पुष्कर धामी बस पुष्कर धामी

विशेष संवाददाता

देहरादून। भाजपा के प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम का कहना है कि चंपावत उपचुनाव में पुष्कर सिंह धामी की जीत सुनिश्चित है वह इस चुनाव में भारी मतान्तर से जीत दर्ज करने जा रहे हैं।

गौतम का कहना है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को चंपावत उपचुनाव में कोई भी चुनौती नहीं है क्योंकि चंपावत की जनता ने उन्हें समर्थन का मन बना लिया है। उनका कहना है कि चंपावत की जनता ने इस बात की हामी भर दी है कि पुष्कर धामी सिर्फ पुष्कर धामी। गौतम का कहना है कि उन्हें क्षेत्र की जनता का रुझान पता है उनके समर्थन में सभी चंपावत वासी उनके साथ खड़े हैं। विपक्ष चाहे कुछ भी कर ले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भारी मतों से चुनाव जीतने जा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि भाजपा विधायक कैलाश गहतोड़ी द्वारा सीएम के लिए सीट खाली करने के बाद अब पुष्कर सिंह धामी इस सीट से उपचुनाव लड़ने जा रहे हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में वह खटीमा की अपनी पैतृक सीट से चुनाव हार गए थे लेकिन हार के बाद भी भाजपा ने उन्हें ही मुख्यमंत्री बनाया था। भले ही अभी निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा न की गई हो लेकिन भाजपा ने अभी से चंपावत में अपना चुनावी अभियान शुरू किया जा चुका है। मुख्यमंत्री अब तक दो बार चंपावत का दौरा कर चुके हैं तथा अभी उनके द्वारा किए गए रोड शो के दौरान भारी भीड़ देखने को मिली थी। धामी को मिल रहे इस जन समर्थन को देखकर भाजपाई नेता भी उनकी जीत को सुनिश्चित मान रहे हैं। वैसे भी इतिहास भी यही रहा है कि राज्य गठन से लेकर अब तक कोई भी मुख्यमंत्री उपचुनाव नहीं हारा है।



### मुख्यमंत्री को उपचुनाव में नहीं किसी से कोई चुनौतीः गौतम

# नाबालिग लड़के से यौन उत्पीड़न मामले पर फरार आरोपी दबोचा

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। नाबालिग बच्चे से यौन उत्पीड़न मामले में लम्बे समय से फरार चल रहे एक व्यक्ति को पुलिस ने कल देर रात गिरफ्तार कर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार बीती 5 मार्च को मौ. असलम पुत्र मौ. असगर निवासी ग्राम मरगूबपुर दीदाहेडी द्वारा थाना बहादराबाद में तहरीर देकर बताया गया था कि युसुफ नाम के एक व्यक्ति द्वारा उनके नाबालिग पुत्र के साथ यौन उत्पीडन कर जान से मारने की धमकी दी गयी है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी गयी, लेकिन आरोपी फरार होने में सफल रहा। जिसकी लगातार तलाश की जा रही थी।



## नाबालिग से दुष्कर्म में एक गिरफ्तार

देहरादून (सं)। नाब लग से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सेलाकुई निवासी महिला ने सेलाकुई थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि धर्मपुर निवासी कर्तिक रावत उसकी नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर ले गया और उसके साथ बलात्कार किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर नाबालिग को परिजनों को सौंप दिया।

## चारधाम यात्रा पर पहला..

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

है। सतपाल महाराज ने कहा है कि मुख्यमंत्री के साथ-साथ वह खुद तथा तमाम अधिकारी यात्रा की तैयारियों पर नजर बनाए हुए हैं जिससे श्रद्धालुओं को यात्रा सुगम और सुरक्षित बनाई जा सके।

# पिस्टल की नोंक पर महिला से लूट, पुलिस ने दबोचा लूटेरा

संवाददाता

देहरादून। घर में अकेली महिला से पिस्टल नोंक पर जेवरात लूटकर भाग रहे लूटेरे का लोगों ने पीछा कर आईएसबीटी के अन्दर से पुलिस की सहायता से पकड लिया। सात दिन पहले ही भाजपा नेता के घर से पिस्टल चोरी की थी। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार टर्नर रोड निवासी मंगलेश शर्मा घर पर अकेली तभी उनके घर की डोर बेल बजी तो उन्होंने दरवाजा खोला तो दरवाजे पर एक युवक खडा था। युवक ने महिला को बताया कि वह उनके यहां ब्रॉडबैड ठीक करने आया है। महिला ने उससे कहा कि उन्होंने कोई कम्पलेंड नहीं की है और युवक वहां से चला गया। थोडी देर बाद युवक दोबारा वापस आया और दोबारा ब्राडबैड ठीक करने के लिए कहा तो महिला ने उसको घर के अन्दर बुला लिया। जिसके बाद युवक छत पर गया और वापस आकर महिला से पानी मांगा। महिला पानी लेकर आयी। उसी समय युवक ने पिस्टल निकाल ली और महिला के सारे जेवरात उतरवा लिये और उसके बाद कैश मांगा तो महिला ने कहा कि उसके पास कैश नहीं है वह अलमारी खोलकर देख सकता है। युवक ने जैसे ही अलमारी खोली तो महिला ने शोर मचा दिया। महिला के शोर मचाते ही युवक ने फर्श पर फायर झोंक दिया और बम फुटने की बात कहकर बाहर को भाग लिया। महिला के घर के सामने पब्लिक स्कूल में कई अभिभावक अपने बच्चों को लेने आये थे तथा उन्होंने पिस्टल लेकर भाग रहे बदमाश का पीछा किया तो उसने भीड पर भी फायर झोंक दिया लेकिन गोली किसी को नहीं लगी। लोगों को पीछा करता देख युवक आईएसबीटी में घुस गया। इसी दौरान पुलिस को भी लूट की सूचना मिल गयी थी। पुलिस ने लोगों के साथ आईएसबीटीके अन्दर जाकर बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम जितेन्द्र निवासी चन्द्रमणि बताया। उसने बताया कि उसने यह पिस्टल सात दिन पहले ही सलीम आलम नामक भाजपा नेता के घर से चोरी की थी।



# साईकिल चोरी

देहरादून (सं)। चोरों ने घर के बाहर खडी साईकिल चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।प्राप्त जानकारी के अनुसार इंजीनियर एन्क्लेव निवासी अमित कुमार ने बसंत विहार थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके बेटे की साईकिल घर के बाहर खडी थी जब वह थोडी देर बाद वापस आया तो उसने देखा कि उसकी साईकिल अपने स्थान से गायब थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

कानूनी सलाहकारः
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट

कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*